महामंत्र जोइ जपत महेसू । कासीं मुकुति हेतु उपदेसू ॥
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥

सांध्य दैनिक

| Ram Katha 939 - मानस मंत्राष्टक || Troms, Norway || ❊मोरारी बापू

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 357 | इंदौर, मंगलवार 09 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## खुली चिट्ठी

पुष्पेन्द्र पुष्प

**India's financial capital Mumbai was brought to its knees after heavy rains. Why does Mumbai drown in muddy water every single year? How does India expect to become a superpower and attract foreign investment if it can't get basic infrastructure right?**

editor@dgr.co.in

# एमपी में स्ट्रॉन्ग सिस्टम, 18 जिलों में बारिश का अलर्ट

## श्योपुर, छिंदवाड़ा-शिवपुरी में भी गिरेगा पानी, दो सिस्टम एक्टिव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से इन दिनों बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। पिछले 4 दिन से ग्वालियर-चंबल में तेज बारिश का दौर चल रहा है। सोमवार को 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई, जबकि मंगलवार को श्योपुर, छिंदवाड़ा, शिवपुरी समेत 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इंदौर में 6 दिन बाद आज धूप खिली है।

IMD, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, पिछले 48 घंटे में प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। नार्थ-ईस्ट राजस्थान के ऊपर और साउथ राजस्थान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। वहीं, मानसून ट्रफ और नीचे आई है। यह प्रदेश में रायसेन, मंडला होते हुए गुजर रही है। इन सिस्टम की वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। यह दौर अगले एक सप्ताह तक बना रहेगा।

### बैतूल में 1.7 इंच बारिश, खजुराहो में सवा इंच पानी गिरा

मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। सोमवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। बैतूल में सबसे ज्यादा 42 मिमी यानी, 1.7 इंच पानी गिर गया। खजुराहो में सवा इंच बारिश हुई। भोपाल में भी तेज बारिश का दौर चला। बालाघाट के मलाजखंड, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, नर्मदापुरम के पचमढ़ी और उज्जैन में भी बारिश दर्ज की गई।

### इन बार एमपी में ऐसे पहुंचा मानसून

21 जून को 6 जिले- पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर जिलों में सबसे पहले मानसून पहुंचा।

23 जून को 26 जिले- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल, सीधी, सिंगरौली।

25 जून को 17 जिले- झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर, आगर, शाजापुर, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज जिलों में मानसून एंटर हुआ।

27 जून को 6 जिले- ग्वालियर, श्योपुरकलां, भिंड, मुरैना, दतिया और निवाड़ी जिलों में मानसून पहुंचा।

# कार से टकराकर बछिया की मौत, भीड़ ने घेरा

### दो पक्ष आमने-सामने हुए, पुलिस से लोग बोले- कहां है ड्राइवर, भगा दिया

**नर्मदापुरम**। नर्मदापुरम में कार से टकराकर बछिया की मौत के बाद भीड़ ने गाड़ी घेर ली। घटना ग्वालटोली काली मंदिर के सामने रविवार - सोमवार की दरमियानी रात 11.45 बजे की है। ड्राइवर के समाज के लोग भी आ गए। पुलिस के सामने ही लोग आक्रोशित दिखे। पुलिस ने हालात बिगड़ने से बचाए। लोगों ने कार की चाबी निकाल ली थी। पुलिस से बोले, ह्ववो लड़का कहां है, जो गाड़ी चला रहा था, भगा दिया...।ह्व कोतवाली टीआई ने उन्हें समझाते हुए कहा, ह्वहम ढूंढ लेंगे, गाड़ी है न ...बस आप लोग चाबी दो।ह्व आरोपी ड्राइवर और कार को थाने लाया गया। गाय मालिक की शिकायत पर देर रात 1 बजे ड्राइवर परवेज खान पर एफआईआर की गई। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

# आज ओम बिड़ला और नरेंद्र सिंह तोमर होंगे महाभियान का हिस्सा

## अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने से इस महाभियान की शुरुआत क्लीन के साथ ग्रीन होने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ग्रीन इंदौर बनाने के लिए पूरा इंदौर इसमें जुटा हुआ है। सरकारी तंत्र से लेकर सामाजिक संस्थाएं भी इस महाअभियान से जुड़ती जा रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस महाअभियान में आज 9 जुलाई को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज इन्दौर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शामिल होंगे , जबकि गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। सोमवार को विजयवर्गीय ने कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और अफसरों को दिशा निर्देश दिए।**

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज इन्दौर अभियान में होंगे शामिल





लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज 9 जुलाई को सुबह 10.50 बजे बिजासन फारेस्ट कैम्प में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शामिल होंगे। इस दौरान मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी उनके साथ रहेंगे। उक्त दोनों अतिथि बिजासन फारेस्ट कैम्प में वृक्षारोपण भी करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 9 जुलाई को इन्दौर में आयोजित अनेक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### अमित शाह के लिए तैयारियां जोरों पर

गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों की मंत्री विजयवर्गीय ने समीक्षा की - देश के गृह मंत्री अमित शाह के इन्दौर के रेवती रेंज में आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां जारी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज रेवती रेंज पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों जा जायजा लिया। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह समेत कई अफसर मौजूद थे। मंत्री विजयवर्गीय ने रेवती रेंज में बनाये जा रहे डोम तथा वृक्षारोपण की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मंच व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, वाहनों के आवागमन आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये, जिससे किसी को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगने पर संत समाज ने दिया धरना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा में हिंदुत्व को अपमानित कर हिंदुओं को हिंसक एवं नफरती बताने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी को श्रीराम मंदिर पंचकुइयां के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज ने चेतावनी दी थी कि वे तीन दिन में सनातनी समाज और हिंदुओं से क्षमा मांगें। यदि राहुल गांधी ने तीन दिन में क्षमा नहीं मांगी तो 8 जुलाई सोमवार को राजबाड़ा चौक पर सुबह 9 से 12 बजे तक विशाल धरना दिया जाएगा, जिसमें शहर के संतों के साथ हिंद रक्षक दल, चैतन्य भारत सहित सकल हिंदू समाज के लोग भाग लेंगे। इन्दौर संत समाज की इस चेतावनी के बाद भी राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगी जाने के चलते चेतावनी के अनुसार आज सुबह इंदौर के राजवाड़ा पर संत समाज और जनप्रतिनिधियों ने एकत्रित होकर धरना देते विरोध प्रदर्शन किया और राहुल गांधी के हिंदू समाज से सार्वजनिक माफी मांगने की पुनः चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं किया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा। धरने और विरोध प्रदर्शन में शामिल चैतन्य भारत संगठन के प्रदेश प्रभारी कांति भाई पटेल ने कहा कि कांग्रेस नेता का भाषण उनकी हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने समस्त हिंदू समाज और सनातन संस्कृति का अपमान किया है। संत समाज और आमजन इससे आहत हो रहा है। राहुल गांधी को तुरंत अपने भाषण पर खेद जताते हुए माफी मांगना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आत्माराम महाराज गोराकुंड, महामंडलेश्वर राजनाथ योगी, महंत माधव दास दिगंबर अखाड़ा, आचार्य प्रवेश नाथ, दिनेश दास महंत धर्मदास आदि के साथ हिंद रक्षक संगठन के एकलव्य सिंह गौड़, चैतन्य भारत संगठन के नरेश वसाईनी, सुरेश पिंगले, विष्णु गोयल, स्वदेश राजोरिया, अशोक गुप्ता आदि मौजूद थे।

# रहवासियों व संगठन सदस्यों ने लगाए पौधे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा केट रोड स्थित ट्रेजर फेंटेसी टाउनशिप में पौधारोपण किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में यह पौधारोपण किया, जिसमें टाउनशिप के रहवासियों ने भी भूमिका का निभाते हुए पौधे रोपे।**



पौधों में विशेष रूप से नीम, जामुन,आंवला, चंपा,सिंदुरी,कनेर,बरगद, पीपल,आम, गुलाब,आदि फूलदार और फलदार पौधे लगाए। संगठन के साथ लगभग 50 से अधिक रहवासियों ने 101 पौधे लगाए और इन पौधों की देखभाल की अपनी-अपनी जिम्मेदारी ली। पार्षद योगेंद्र गेंदर द्वारा पौधे की व्यवस्था में अहम सहयोग रहा। इस आयोजन में संगठन से दिपांश जोशी, पश्चिम झोन अध्यक्ष हरीश वोरा, उपाध्यक्ष अंकित शर्मा, सन्नी पाटिल, आशीष हार्डिया,समीर शर्मा,अश्विन श्रीवास्तव,पवन पिपलाद,रवि सोलंकी,रूपेश साहू, सात्विक जोशी, प्रवीण बाबले, वरीद वरन चौरसिया, विनोद नागदा, रविन्द्र पाटीदार, भूपेंद्र पांडे, रवींद्र पाटीदार आदि उपस्थित थे।

### परशुराम वन मे 11,000 पौधारोपण के लिए बैठक कल

**इंदौर।** भगवान श्री परशुराम वन मे पौधा रोपण के सन्दर्भ मे ब्राह्मण समाज के संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक विधायक पंडित रमेश मेंदौला की अध्यक्षता मे बुधवार, 10 जुलाई 2024 को सांय 7.30 बजे श्री श्रीविद्याधाम मे आयोजित की गई है ' बैठक मे रविवार, 14 जुलाई को श्री परशुराम वन मे 11,000 पौधे लगाने की कार्य योजना पर विचार कर, पौधारोपण की लोकेशन की जानकारी, स्लाट टाईम, भोजन व्यवस्था, पार्किंग आदि पर चर्चा की जाएगी ' इस बैठक मे ब्राह्मण समाज के समस्तीपुर संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# संभागायुक्त दीपक सिंह ने ली पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के अधिकारियों की बैठक

◆ **लंबित पुराने मुद्रांक प्रकरणों की वर्षवार स्कृटनी करते हुए अभियान चलाकर निराकरण के निर्देश दिए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने गत वर्ष के लक्ष्य एवं राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की प्राप्ति समय-सीमा में सुनिश्चित की जाये। उन्होंने लंबित पुराने मुद्रांक प्रकरणों की वर्षवार स्क्रुटनी करते हुए अभियान चलाकर उनके निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरआरसी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण संबंधित आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर संभाग के समस्त जिलों की जिलावार पंजीयन एवं मुद्रांक की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी माहों में लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने पंजीबद्ध दस्तावेजों की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संभाग के विभिन्न जिलों में विकास परियोजनाओं, नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे एवं ग्रामीण सड़कों के निर्माण से पंजीयन एवं मुद्रांक में राजस्व वसूली तथा लक्ष्यों की पूर्ति के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त श्रीमती सेली कनाश, उप महानिरीक्षक पंजीयन परिक्षेत्र इंदौर श्री बालकृष्ण मोरे, वरिष्ठ पंजीयक एवं मुद्रांक श्री अमरीश नायडू सहित इंदौर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, बडवानी, खंडवा, खरगोन तथा बुरहानपुर के जिला पंजीयन अधिकारी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ऑफ इंदौर महानगर ने मनाया वन महोत्सव

**इंदौर।** भारत में प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जुलाई माह के पहले सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है। वन महोत्सव का अर्थ हैं वृक्षों का महा-उत्सव यानी पेड़ों का त्यौहार, जो प्राकृतिक परिवेश तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता अभिव्यक्त करने वाला एक आंदोलन है। आज इस पेड़ों के त्योहार में लायंस क्लब ऑफ इन्दौर महानगर के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण और जल संरक्षण का संकल्प भी इस दौरान सभी को दिलाया गया।लायंस क्लब ऑफ इन्दौर महानगर अध्यक्ष इंजी. सूरज कुमार जायसवाल के नेतृत्व में नवरतनबाग स्थित वेलनेस सेंटर प्रांगण में वन महोत्सव मनाया गया, जिसमें सभी सदस्यों द्वारा नीम, जामुन, पीपल, बरगद, सिंदूर, अमरूद जैसे छायादार व फलदार पौधों का रोपण कर उन्हें पेड़ बनाने की शपथ ली। सचिव लायन डॉ. रेणु सिंह ने इस अवसर पर अपना प्रभावी उद्बोधन दिया एवं उन्होंने सभी से शहर को हरा-भरा करने की अपील की।

## संस्था 'आदित्य' क़े तत्वावधान में हरियाली महोत्सव के अंतर्गत 1101 पौधे रौप कर उनकी देखभाल का भी प्रण लिया

**'आदित्य की आवाज'समाचार पत्र के सहयोगियों ने बढ़चढ़ कर इस महाअभियान में भाग लिया**



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर 'हरियाली महोत्सव'माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के आव्हान पर 'एक पौधा माँ के नाम पर 'चलाया जा रहा है। जिसमें अकेले इंदौर में ही केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में 51 लाख पौधों को रौपने का संकल्प लिया गया है जिस में पूरे उत्साह क़े साथ सामाजिक संस्थाओं के अलावा आमजन भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। महिलाओं के लिये बिजासन माताजी के वहाँ पर 'मातृ वन'बनाया गया हैं जिसमे वे भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। पूरे प्रदेश में 'हरित क्रांति'अभियान चल रहा हैं जो निश्चित ही उचित पर्यावरण के लिये एक मिल का पत्थर साबित होगा। संस्था 'आदित्य'के तत्वावधान में 1101 पौधे लगाने का व उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया है जिसके अंतर्गत पितृ पर्वत व उसके आसपास पौधरोपण किया गया जिसमें संस्था के संयोजक सचिन नीमा (पत्रकार 'आदित्य की आवाज़ समाचार पत्र )' के साथ जितेंद्र मौर्य, प्रवीण मौर्य, हेमंत मौर्य, अविनाश शर्मा,उमेश पांडे,संजय मौर्य आदि उपस्थित रहे व सभी ने पर्यावरण प्रेमियों से इस महाअभियान में जुड़ने का आव्हान भी किया।

## इंदौर जैन समाजजन विनम्र सागरजी के विहार में हुए शामिल

**छत्रपति नगर जैन समाज को मिला आहारचर्या कराने का सौभाग्य**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि विनम्र सागर जी महाराज संसघ का विहार इंदौर के लिए चल रहा है। सोमवार को आहारचर्या कराने का सौभाग्य छत्रपति नगर जैन समाज को प्राप्त हुआ। सोमवार को सुबह के विहार में इंदौर जैन समाज सामाजिक संसद के मंत्री डॉ. जैनेंद्र जैन, हंसमुख गांधी, भूपेंद्र जैन, कमल जैन, विपुल बांझल, अखिलेश सोधिया, रमेश जैन, जिनेश जैन, राजेश जैन दद्दू, सतीश जैन, संजय जैन, मनीष नायक, मुकेश बाकलीवाल आदि समाजजन इंदौर से पहुंचे और मुनिश्री के आहार एवं विहार में शामिल हुए।

**शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को**

# जेईई और नीट की नि :शुल्क कोचिंग दी जाएगी

◆ **बगैर अनुबंध के चलने वाले स्कूली वाहनों के विरूद्ध होगी कार्रवाई**




**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। शहर की शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जेईई और नीट की निःशुल्क कोचिंग कराई जायेगी। इन विद्यार्थियों को विशेषज्ञ पढ़ायेंगे। इंदौर के स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने में लगे बगैर अनुबंध के चलने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। साथ ही शहर 15 चिन्हित मार्गों पर चल रही फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करने की मुहिम को विस्तारित कर अन्य मार्गों पर भी मुहिम शुरू की जायेगी। जिले में समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले शासकीय सेवकों के विरूद्ध कार्रवाई होगी।**

यह जानकारी सोमवार को यहां कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बैनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, राजेन्द्र रघुवंशी, रोशन राय तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि शासकीय स्कूलों की कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पढ़ने वालों बच्चों को जेईई और नीट की निःशुल्क कोचिंग के लिए शीघ्र ही कार्ययोजना तैयार की जाये। यह प्रयास करें की अगले दो माह में यह कोचिंग शुरू हो जाये। उन्होंने जिले के पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को स्कूल में अनुबंधित वाहन के माध्यम से ही स्कूल भेजे। बगैर अनुबंध के चलने वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में फुटपाथ और सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चल रही कार्रवाई को गति प्रदान करते हुए प्रभावी बनाये। अब शहर के अन्य मार्गों पर भी इस तरह की कार्रवाई शुरू करें। उन्होंने समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश सभी शासकीय सेवकों को दिये।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं तो कार्यालय में समय पर आये ही साथ ही अपने अधिनस्थ अधिकारी और कर्मचारियों से भी समय का पालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने भिक्षावृत्ति के विरूद्ध चल रहे अभियान को निरन्तर गतिमान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरन्तर चलना चाहिए। निरन्तर मॉनिटरिंग भी हो। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे वृक्षारोपण के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करें।

## बोहरा समाज ने 16 जुलाई को होने वाली परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। शिया दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता जौहर मानपुरवाला ने सभी विश्वविद्यालय से मांग की है, कि 16 जुलाई को बोहरा समाज का आशूरा का दिन होता है। जिसमें सभी समाज जन सुबह से लेकर शाम तक दिनभर मस्जिदों में इमाम हुसैन(अ.स.) का गम मानते हैं। इस हेतु 16 जुलाई को विश्वविद्यालय द्वारा घोषित की गई परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया जाए। प्रवक्ता जौहर मानपुरवाला में कहा कि बोहरा समाज अपने किसी भी धार्मिक व सामाजिक त्योहार पर कोई भी छुट्टी घोषित करने की मांग नहीं करता। चूंकि साल में एक दिन मोहर्रम की 10 तारीख को आशूरा का दिन होता है। जिसमें सभी समाज जन मस्जिदों में दिनभर इमाम हुसैन(अ.स.) का गम करते हैं। इसलिए 16 जुलाई को होने वाली परीक्षा तिथि को परिवर्तित किया जावे। जौहर मानपुरवाला ने कहा कि इसके लिए 23 फरवरी को बोहरा समाज का एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति श्रीमती रेणुका जैन जी से मुलाकात कर इस दिन परीक्षा नहीं रखने का आग्रह किया था।

## दुर्गा माता मंदिर में 19वां वार्षिक महोत्सव 11 से

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। वैभव नगर दुर्गा माता मंदिर में 19वां वार्षिक महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। वैभव नगर दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र नागर,प्रवीण श्रीवास्तव,सुरेश भारती एवं रूपेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि वैभव नगर दुर्गा माता मंदिर में 19वां वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 जुलाई से 13 जुलाई तक वार्षिक महोत्सव के दौरान विभिन्न आयोजन संपन्न होंगे। 11 जुलाई को सुबह 8.30 बजे ध्वजारोहण के साथ वार्षिक महोत्सव शुरू होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे अभिषेक श्रृंगार एवं मन्त्रोच्चार की गूंज के साथ पवित्र नदियों के जल, दूध, दही एवं गन्ने के रस सहित 11 प्रकार के फलों के रस से दुर्गा माता का महाभिषेक किया जाएगा।

# जैव विविधता ही प्रकृति को बचा सकती है : राजेन्द्र सिंह राठौर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इन्दौर। घटते जंगल, बढ़ता रेगिस्तान, असहनीय गर्मी, असंतुलित होती वर्षा यह सब समस्या हम मनुष्यों ने ही निर्मित की है। प्रकृति ने तो हमे भरपूर संसाधन दिये है। अपने हित के लिए उनका दुरूपयोग हमने ही किया है। उक्त उद्गार जैविक खेती और पर्यावरणविद् श्री राजेन्द्र सिंह जी राठौर जी ने व्यक्त किए।**



रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर मार्शल्स के पद्ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए श्री राठौर ने कहा कि प्रकृति को पूनः मूल रूप में लाकर हरा भरा बनाकर ही हम उक्त समास्याओं को सुलझा सकते है। आपने कहा की इसके लिए एक मात्र विकल्प जैविक खेती और परम्परागत बड़े वृक्ष जैसे नीम, पीपल, आम, बरगद, इमली इत्यादि का पालन-पोषण हमें करना ही होगा। खेती में भी हमें परम्परागत् विधियों को अपनाना होगा जैसे कि जैविक खाद का उपयोग बढ़ाना होगा। आधुनिक और परम्परागत् तरीकों का संगम ही हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचा सकता है। मानव और प्रकृति के संतुलन को बना सकता है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता भारतीय जेसिज के अंतर्राष्ट्रीय परीक्षक सुदीप दास ने भी सम्बोधित किया। परिवार एवं व्यवसायिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठन में हम कैसे कार्य कर सकते है। इन संगठनों से व्यवसाय और परिवार के लिए कितने लाभ ले सकते हैं। इन बातों को आपने उदाहरण के साथ प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मंडलाध्यक्ष अनीश मलीक ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व में पोलियो उन्मूलन के लिए सर्वाधिक धन की व्यवस्था रोटरी ने ही की है। हम दो देशों को छोड़कर संपूर्ण विश्व से पोलियो का उन्मूलन कर चुके है अब रोटरी विश्वव्यापी स्तर पर पर्यावरण, शुद्ध पेयजल एवं मातृ शिशु सुरक्षा जैसे अनेक समाजहित के क्षेत्रों में कार्य कर रहा है।

रो. सुशील मल्होत्रा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय जैन - सचिव सुनील ओझा के साथ संपूर्ण संचालक मंडल को मानव सेवा का संकल्प दिलवाया। अपने अध्यक्षीय स्वीकृति उद्बोधन में अजय जैन ने कहा कि इस पूरे वर्ष मन-काशी सिंगी ट्रस्ट के सहयोग से हियरिंग मशीन एवं बैसाखी का वितरण जरूरतमंदों को किया जावेगा । मेंटली चैलेन्जड बच्चों के विद्यालय पॉल हेरिस में जैन सोशल ग्रुप नवकार के सहयोग से पेवर्स ब्लॉक का कार्य भी किया जावेगा जिसका अनुमामित खर्च 1,80,000/- है । सामुदायिक क्षेत्र में क्लब ने कार्य प्रारंभ करते हुए विभिन्न सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी हेतु 2500 कॉपी एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया।

भारत विकास परिषद् द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर के लिए 11000 रुपये का अनुदान भी दिया।

सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में वनबंधु परिषद् द्वारा संचालित एकल विद्यालय हेतु स्व. मनभरी बाई काशीलाल सिंगी की स्मृति में 22000 रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। सचिव रुपेश नहाटा ने गत् वर्ष किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत प्रंशात गोयल, रूपेश राठौर, कैलाश राठी, पुनीत डाबर ने किया। अतिथि परिचय हितेश मेहता, रूपेश पटेल, हेमंत शुक्ला, विवेक गौर ने दिया। स्मृति चिन्ह हेमंत तिवारी, विक्रम यादव, जी. पी. गोयन, भरत जैन ने प्रदान किए। फोर वे टेस्ट का वाचन विरेन्द्र सुराणा ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्षगण मंडल पदाधिकारी मनोज चांडक, सरजीव पटेल, मुकेश साहू, मिलिंद मोघे, राजेश मोदी, आलोक खादीवाला, दिपक गंगराडे उपस्थित थे। वेब सीरिज और टीवी आर्टिस्ट श्री पंकज वाघेला को मानद् सदस्यता भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंगी एवं लता सिंगी ने किया। आभार क्लब सचिव सुनील ओझा ने माना।

# महाकाल मंदिर में कुत्ते ने श्रद्धालु के पेट में काटा

### दो कुत्ते झगड़ते हुए आए, एक ने हमला किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। महाकाल मंदिर में एक और श्रद्धालु को कुत्ते के काटने पर अस्पताल जाना पड़ा। रविवार को आंध्र प्रदेश से आए श्रद्धालु को कुत्ते ने पेट में काट खाया। दो कुत्ते झगड़ते हुए आए और इनमें से एक ने उन पर हमला कर दिया। पिछले हफ्ते ही दिल्ली की डॉक्टर दर्शनार्थी को भी कुत्ते ने काटा था।**

आंध्र प्रदेश के रंगारेड्डी शहर से आए मुलुगु राजकिरण रविवार सुबह भस्म आरती करने के बाद मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों के दर्शन कर रहे थे। इसी बीच एक कुत्ता उन पर झपट गया। इसके दो दिन पहले ही नगर निगम कमिश्नर ने महाकाल मंदिर और आसपास के क्षेत्रों से 22 कुत्ते पकड़ने का दावा किया था। राजकिरण ने कहा, ह्यमेरी मंदिर समिति से विनती है कि कुत्तों पर अंकुश लगाकर मंदिर से बाहर करें।

#### दिल्ली की डॉक्टर को पैर में काटा था

31 जून को दिल्ली की डॉ. जूही सारस्वत और उनके पति महाकाल मंदिर में दर्शन करने आए थे। वे भी मंदिर परिसर में बने दूसरे मंदिरों के दर्शन कर रही थीं, तभी कुत्तों का झुंड श्रद्धालुओं के बीच आया। इनमें से एक कुत्ते ने जूही के पैर में काट लिया था।

#### स्ट्रीट डॉग के हमले में एक्टिवा से गिरे दो बच्चे


तीन दिन पहले उज्जैन में स्ट्रीट डॉग के हमले में बैलेंस बिगड़ने से एक्टिवा पर बैठे दो बच्चे गिर गए थे। दोनों अपनी मां के साथ स्कूल जा रहे थे। एक बच्चे के सिर में टांके लगाने पड़े। शहर के नमक मंडी क्षेत्र में भी एक शख्स पर तीन स्ट्रीट डॉग ने हमला कर दिया था। असगर अली (45) जान बचाकर भागे। इस दौरान वे गिर पड़े, उनके सिर में चोट आई थी।

# आतंकियों के नंबर सर्च करता था फैजान शेख

### मोबाइल में मिले आर्मी-पुलिस अफसरों के फैमिली फोटो, बोला- 14 बार की आर्मी एरिया की रेकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा-भोपाल। मध्यप्रदेश एटीएस (एंटी टेररिज्म स्क्वॉड) ने खंडवा से प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के संदेही फैजान शेख को गिरफ्तार किया है। फैजान मंगलवार तक पांच दिन की रिमांड पर है। उसने एटीएस की पूछताछ में चौकाने वाला खुलासा किया है। वह इंडियन मुजाहिद्दीन सहित कई देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल आतंकियों के नंबर सर्च करता था।**



उसने एटीएस को बताया कि मोहल्ले के बच्चों का मजहबी कट्टरपंथ के नाम पर ब्रेनवाश करता था। कश्मीर और आतंकियों से जुड़े स्लोगन लिखकर नाबालिग बच्चों को पढ़ाता था। आरोपी के मोबाइल में आर्मी और पुलिस के कई बड़े अधिकारियों के फैमिली के फोटो मिले हैं। यह सब वह सिमी के आठ आतंकियों के एनकाउंटर में मारे जाने का बदला लेने की नीयत से कर रहा था।

फैजान ने एटीएस से कहा कि उसका एक ही मकसद था, सुरक्षा बल और उनके परिजन को नुकसान पहुंचाना। इसके लिए कश्मीर, पठानकोट, मुंबई और दिल्ली में सुरक्षा बल के ठिकानों की रेकी कर चुका था। पिछले तीन साल में 14 बार इन शहरों में आर्मी एरिया की रेकी की है।

फैजान ने खुलासा किया है कि बदला लेने के लिए लोन वूल्फ अटैक प्लान कर रहा था। इसके लिए पिस्टल और कारतूस भी खरीदे। उसने एटीएस अधिकारियों से साफ कहा, एक भी सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने में कामयाब हो जाता, तो खुद को खुशनसीब मानता। उसे पकड़े जाने या जान जाने की फिक्र नहीं थी। फैजान इंटरनेट पर अधिकांश समय आतंकी ट्रेनिंग कैंप के वीडियो और उनके काम करने के तरीकों को सर्च करता था। एटीएस को उसके मोबाइल में इसके सबूत मिले हैं।

#### फैजान ने खुद को समाज से अलग किया

फैजान ने पिछले सात-आठ महीनों से खुद को समाज से अलग कर लिया था। उसने किसी भी प्रकार के आयोजन और कार्यक्रम में जाना बंद कर दिया था। हालांकि, इस बीच उसने कई बार 2016 में एनकाउंटर में मारे गए सिमी आतंकियों के परिजनों से मुलाकात की। एटीएस की पूछताछ में उसने खुद को मारे गए आतंकियों का करीबी बताया है।

#### एटीएस ने 4 जुलाई को सुबह 4 बजे की थी कार्रवाई

एटीएस 4 जुलाई को अलसुबह 4 बजे खंडवा की सलूजा कॉलोनी पहुंची। यहां फैजान (34) पिता हनीफ शेख को गिरफ्तार किया। एटीएस को फैजान के प्रतिबंधित संगठन इंडियन मुजाहिदीन आईएम से जुड़े होने की जानकारी मिली थी। उसके पास से भारी मात्रा में आईएम, आईएसआईएस और अन्य आतंकी संगठनों से संबंधित जिहादी साहित्य मिला है। इसके अलावा 4 मोबाइल, 1 पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस और सिमी संगठन की सदस्यता का फॉर्म जब्त किया गया।

# प्रेमिका की शादी से एक दिन पहले किया सुसाइड

### प्रेमी ने आखिरी मैसेज में लिखा- एक मां से उसका बेटा छीनने के लिए धन्यवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में एक युवक ने प्रेमिका की शादी से एक दिन पहले सुसाइड कर लिया। उसका शव सोमवार सुबह घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। उसकी गर्लफ्रेंड की मंगलवार को शादी है। इसी बात को लेकर वह डिप्रेशन में था। युवक ने सुसाइड से पहले गर्लफ्रेंड को मैसेज किया। जिसमें उसने लिखा- एक मां से उसका बेटा छीनने के लिए धन्यवाद।**

मामला शिवाजी नगर के 5 नंबर स्टाप का है। पुलिस के मुताबिक विक्की नायक (24) ड्राइवर था। सोमवार सुबह 7:30 बजे उसकी मां ने घर के हॉल में उसे गमछे से बने फंदे पर पाइप के सहारे लटका देखा। उन्होंने शोर मचाकर उन्होंने बड़े बेटे गणेश और विशाल को



उठाया। तीनों ने शव को फंदे से उतारा और पास में स्थित जेपी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी।

#### युवक ने लिखा- मेरी मौत की तुम जिम्मेदार

युवक ने प्रेमिका को आखिरी मैसेज में लिखा कि मेरी मौत की जिम्मेदार सिर्फ तुम हो। मैं तुमसे सच्चा प्यार करता था, तुम मेरे साथ टाइम पास करती रही। हबीबगंज पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। इसकी जांच की जाएगी। युवक के दोस्तों ने बताया कि एक दिन पहले ही उससे मिले थे। उसने किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। दूसरे दिन मौत की खबर मिली तो मॉचुरी में पहुंचे।

#### भाई ने कहा- धोखा मिलने पर विक्की ने जान दी

मृतक के बड़े भाई विशाल नायक ने बताया कि परिवार में मां, बड़ा भाई और भाभी, विक्की और मैं हम साथ रहते थे। विक्की एक साहब की गाड़ी चलाता था। हम दोनों भाई भी प्राइवेट काम करते हैं। वह एक लड़की से प्रेम करता था। इस बात की जानकारी हमें भी थी। दो महीने पहले उन दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

#### पहले शादी का दबाव बनाया, फिर साथ जाने से इनकार

विशाल ने बताया कि लड़की की सगाई हो चुकी थी। मेरा भाई उसे भुलाकर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने लगा था। अचानक लड़की ने भाई पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसे साथ ले जाने का दबाव बनाने लगी। भाई उसकी बातों को मानता था, फिर लड़की ने साथ जाने से इनकार कर दिया। इन्हीं बातों को लेकर विक्की डिस्टर्ब रहने लगा था। वह दोस्तों से इन बातों का जिक्र करता था।

# भूलभूलैया-3 की शूटिंग के लिए ओरछा पहुंची अभिनेत्री विद्या बालन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**निवाड़ी।** फिल्म भूल भूलैया-3 की शूटिंग के लिए निवाड़ी जिले के ओरछा में फिल्मी हस्तियों के आने का सिलसिला जारी है। फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के बाद सोमवार को अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में ओरछा पहुंची।

बता दें कि फिल्म भूल भूलैया-3 की शूटिंग पर्यटन नगरी ओरछा स्थित पुराने महलों और अन्य क्षेत्रों में चल रही है। फिल्म सेमी हॉरर वर्ग की है, इसलिए ओरछा के पुराने स्मारक फिल्म के लिए उपयुक्त है। फिल्म के अधिकांश हिस्से इन्हीं महलों में शूट किए जाएंगे।

सबसे पहले आई भूल भूलैया में विद्या बालन ने निगेटिव किरदार निभाया था। इसके बाद आई फिल्म भूलभूलैया- 2 में विद्या बालन का किरदार दर्शकों को देखने को नहीं मिला। लेकिन भूलभूलैया- 3 में एक बार फिर अभिनेत्री विद्या बालन दिखाई देगी। सोमवार को विद्या बालन फिल्म की शूटिंग के लिए ओरछा पहुंची। जबकि, कार्तिक और तृप्ति पिछले एक हफ्ते से ओरछा में है और फिल्म की शूटिंग कर रहे है। सोमवार को ओरछा पहुंची विद्या ब्लैक कलर के प्रिंटेड हॉफ स्लिव शर्ट में नजर आई। जानकारी के अनुसार वह रामराजा सरकार के दर्शन भी कर सकती है। फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अब विद्या बालन कुछ दिनों तक ओरछा में ही रहेगी।

# टक्कर से 10 फीट उछले 3 बाइक सवार, मौत

फोरलेन पर रॉन्ग साइड से चढ़ी गाड़ी को तेज रफ्तार कार ने उड़ाया

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम में रविवार देर रात करीब सवा 10 बजे कार से टकराकर बाइक सवार 3 लोगों की मौत हो गई। हादसा इटारसी के पास सनखेड़ा फोरलेन रोड बैतूल-औबेदुल्लागंज नेशनल हाईवे 46 पर हुआ।

स्विफ्ट डिजायर कार नागपुर से भोपाल की तरफ तेज रफ्तार में जा रही थी। मोटरसाइकिल चालक ने बाइक फोरलेन पर गलत साइड से चढ़ा दी। रॉन्ग साइड में बाइक आ जाने से ड्राइवर कार की स्पीड को कंट्रोल नहीं कर पाया। टक्कर इतनी तेज हुई कि तीनों बाइक सवार 10 फीट तक उछलकर गिरे। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सनखेड़ा के रहने वाले नंदलाल पटेल (58), गोपालदास पटेल (55) और पुरानी इटारसी निवासी राजेंद्र यादव (45) की मौत हुई है।

रैसलपुर से लौट रहे थे बाइक सवार तीनों लोग

ठाकुरलाल चौधरी ने बताया कि उनके बहनोई गोपालदास पटेल, नंदलाल पटेल सनखेड़ा में एक ही मोहल्ले में रहते थे। राजेंद्र यादव उर्फ राजू पुरानी इटारसी के दीवान कॉलोनी में रहते थे। नंदलाल इटारसी में वेयरहाउस प्लांट पर मजदूरी करते थे। गोपालदास पटेल किसानी और दूध बेचने का काम करते थे। राजू यादव भी मजदूरी करते थे। तीनों एक ही बाइक से रैसलपुर से किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे। इटारसी सिटी थाने के टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि तीनों बाइक सवारों को अस्पताल लाया गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सोमवार सुबह तीनों शवों के पोस्टमॉर्टम हुए।

कार से नागपुर की फैमिली भोपाल जा रही थी, सभी सेफ

इटारसी पुलिस ने कार (एमएच31 एफएक्स 0544) के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, कार

# संपादकीय


## संविधान को शासन-प्रशासन का नीति नियामक बनाना चाहिए, न कि वोट बैंक का!

नीतिगत विडंबना है कि भारत में साम्प्रदायिक व जातीय तुष्टिकरण के नाम पर घृणित सियासी खेल खेला जा रहा है, जिसके चक्कर में भोली-भाली जनता और प्रशासनिक लोग दोनों पीस रहे हैं। यदि इसे अविलंब काबू नहीं किया गया तो उसका खामियाजा हमें आज नहीं तो कल निश्चय ही भुगतना पड़ेगा। मसलन, धर्म को लेकर अंग्रेजों ने जो खेल खेला, उससे देश विभाजन की नौबत आई। वहीं, मुगलों ने जो धार्मिक कट्टरता दिखाए, उससे सामाजिक बिखराव आया, जो आज तक जारी है। बावजूद इसके हमारे लोकतांत्रिक हुक्मरानों ने इन बातों से जज्बातों से कोई सीख नहीं ली, क्योंकि सवाल वोट बैंक का है और उसे शह देने वाले संविधान का है, जिसे संशोधित किये बिना बहुतेरे विरोधाभासों को कतई समाप्त नहीं किया जा सकता। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, इसलिए धर्म के नाम पर किसी भी तरह की सरकारी सहूलियत लोगों को नहीं मिलनी चाहिए। इतना ही नहीं, धार्मिक शिक्षा और धार्मिक त्यौहारों पर किसी भी बहाने राजकोष लुटाने से बचना चाहिए। वहीं, विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शांति बनाए रखने के नाम पर होने वाले प्रशासनिक खर्च को भी सम्बन्धित ट्रस्ट/समिति या जनसमूह से वसूलने का स्पष्ट विधान होना चाहिए। यदि ऐसा होगा तो बहुतेरे विरोधाभास स्वतः समाप्त हो जाएगा। सीधा सवाल है कि संविधान को शासन-प्रशासन का नीति नियामक बनाना चाहिए, न कि वोट बैंक का! क्योंकि जब यह वोट बैंक का टूल्स बना दिया जाएगा, जैसा कि कांग्रेस, जनता पार्टी आदि और भाजपा के शासकों ने किया है, तो बहुसंख्यक वर्ग के द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग पर अत्याचार किया जाएगा। यहां पर मेरा तातपर्य जातीय और धार्मिक दोनों प्रकार के अल्पसंख्यकों से है। शायद इसलिए ही तो आरक्षण और सामाजिक न्याय, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के बाद अब संविधान बचाओ जैसे भावनात्मक मुद्दे जनमानस को उद्वेलित कर रहे हैं और इन्हें बढ़ावा दिलवाकर पूंजीवादी ताकतें हमारे राष्ट्रीय संसाधनों पर निजी कब्जे जमा रही हैं। इन्हें शह देने में बीजेपी और कांग्रेस दोनों आगे हैं और क्षेत्रीय दल तो इनके पिछलग्गू हैं ही! ऐसे में सुलगता सवाल है कि क्या एक धर्मनिरपेक्ष देश में महज वोट बैंक के खातिर किसी को धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लॉलीपॉप थमाए जा सकते हैं? यदि नहीं तो फिर विभिन्न राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यक लोगों को किस आधार पर आरक्षण दिए जा रहे हैं? यदि यह गलत है तो प्रशासनिक लॉबी और न्यायिक लॉबी खामोश क्यों है?क्या यह संवैधानिक विरोधाभास एक दिन मूल संविधान को ही खत्म नहीं कर देगा? क्योंकि शरिया कानून मानने वाली जमात भारतीय संविधान की कितनी कद्र करती है, वह कुछेक विरोधाभासी मुद्दों पर उनके स्टैंड से ही स्पष्ट है। आपने यह भी देखा, पढ़ा और सुना होगा कि किसी किसी राज्य में धार्मिक अल्पसंख्यकों के मौलवी, गुरू आदि को तो फिक्स मानदेय दिए जा रहे हैं, लेकिन हिन्दू पुजारियों को कुछ भी नहीं! आखिर ऐसा क्यों? क्या यही संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता है? इतना ही नहीं, हिंदुओं के मालदार धार्मिक स्थलों खासकर चर्चित मंदिरों के राजस्व पर प्रशासनिक माध्यम से काबिज होकर उनका दूसरों के लिए उपयोग किया जा रहा है, लेकिन अन्य धर्मों के चर्चित उपासना स्थलों के साथ ऐसा नहीं किया जा रहा है? क्या यही धर्मनिरपेक्षता है और संविधान की संरक्षक सुप्रीम कोर्ट तक इन विसंगतियों पर खामोश है! आखिर ऐसा क्यों? क्या ऐसा होने से राष्ट्र गुमराह नहीं हो रहा है? कहने का तात्पर्य यह कि राजनेताओं के दबाव में प्रशासनिक अधिकारी स्थापित संवैधानिक मूल्यों यानी पंथनिरपेक्षता के खिलाफ जो निर्णय ले रहे हैं, उसे लागू कर रहे हैं, और उनके खिलाफ माननीय न्यायालय तक कोई स्वतः संज्ञान नहीं लेते हैं कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में आप यह सब क्या उलटबांसी कर रहे हैं? तो आखिर इन बातों-जज्बातों को जनमानस के समक्ष कौन ले जाएगा।

अर्ज़ किया है..!

*तिरे उफ़ुक़ पे सदा*
*सुब्ह जगमगाती रहे*
*जहाँ पे मैं हूँ वहाँ*
*शाम होने वाली है*

-आफ़ताब हुसैन




**मिट्टी के संपर्क में होना यह याद दिलाता है कि आपका शरीर बस मिट्टी ही है। इसे कभी मत भूलिए।**

– जग्गी वासुदेव

Health is Wealth

# हर समय रहती है थकान?

## जानें क्या है आपकी एनर्जी कम होने की वजह



थकान एक बहुत ही सामान्य स्वास्थ्य समस्या है। हम सभी लोग कभी न कभी थका हुआ महसूस करते हैं। कुछ लोग थोड़ा सा काम करने पर ही थक जाते हैं, तो कई लोग लगातार काम करने पर भी तरोताजा और ऊर्जा से भरे हुए रहते हैं। दरअसल इसका कारण अलग-अलग लोगों का स्टेमिना अलग-अलग होती है। व्यक्ति विशेष के स्टेमिना पर ही उनका शारीरिक और मानसिक प्रदर्शन निर्भर करता है।

स्टेमिना उस शक्ति और ऊर्जा को कहते हैं, जो शरीर और मस्तिष्क को विभिन्न काम करने के लिए सक्षम बनाती है। दरअसल, स्टेमिना शरीर की ऊर्जा, क्षमता और सहनशीलता का स्तर है, जो हर इंसान का अलग-अलग होता है। जिन लोगों की स्टेमिना अच्छा होती है वो अपने निजी और पेशेवर कामों को ज्यादा बेहतर तरीके से कर पाते हैं। लेकिन कुछ लोगों की स्टेमिना इतनी कम होती है कि वो थोड़ा सा काम करने पर ही थक जाते हैं। पर, अच्छी बात यह है कि जीवनशैली को बेहतर बनाकर, खानपान की आदतों में बदलाव लाकर और शारीरिक सक्रियता बढ़ाकर स्टेमिना को बेहतर किया जा सकता है।

### सुबह के नाश्ते से समझौता नहीं

सुबह के नाश्ते को यूं ही दिन भर का सबसे महत्वपूर्ण आहार नहीं कहा जाता। अमेरिकन जर्नल ऑफ फीजियोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक जो लोग सुबह का नाश्ता करने के बाद व्यायाम करते हैं, उनका शरीर कार्बोहाइड्रेट को तेजी से ऊर्जा में तब्दील करता है। यानी ऐसे लोगों की स्टेमिना बेहतर होती है। अपने दिन की शुरुआत सेहतमंद और पोषक तत्वों से भरे नाश्ते से करें। इससे न केवल आपका मेटाबॉलिज्म सुधरेगा बल्कि 8-10 घंटे के ब्रेक के बाद शरीर को जिस ऊर्जा की जरूरत होती है, वो भी मिलेगी।

### पानी व अन्य तरल पदार्थों का सेवन

अगर आपको अकसर ऊर्जा की कमी महसूस होती है तो इसका कारण डिहाइड्रेशन भी हो सकता है। हमेशा ऊर्जा से भरपूर बने रहने के लिए तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। नियमित अंतराल पर पानी पिएं। जिन महिलाओं को लगता है कि उनका स्टेमिना बहुत कम है वो नाश्ते में एक कप चुकंदर का जूस ले सकती हैं। इसमें अच्छी मात्रा में नाइट्रेट होता है, जो नाइट्रिक एसिड में तब्दील होकर रक्तसंचार को बेहतर बनाकर व रक्तचाप को नियंत्रित रखकर स्टेमिना बढ़ाने का काम करता है।

### गुनगुने पानी का असर

मेटाबॉलिज्म को तेज करने और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने के लिए हल्का गर्म पानी पीना सबसे सामान्य और प्रभावी तरीका है। सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुना पानी पिएं और दोपहर के खाने के बाद या दिन में 2-3 बार थोड़ी-थोड़ी मात्रा में इसे पिएं। इससे स्टेमिना और सहन शक्ति बेहतर होती है।

### कार्बोहाइड्रेट का सेवन

आजकल बिना कार्बोहाइड्रेट वाली डाइट का चलन बहुत बढ़ गया है, लेकिन यह डाइट सेहत के लिए अच्छी नहीं हैं। कार्बोहाइड्रेट शरीर को स्टार्च और शुगर उपलब्ध कराते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देते हैं और स्टेमिना बढ़ाते हैं। कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थ शरीर का मुख्य ईंधन होते है। यह शरीर में शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में भी सहायता करते हैं। ताजे फल, सूखे मेवे, शकरकंद, ब्राउन ब्रेड, ब्राउन राइस आदि कार्बोहाइड्रेट के अच्छे स्रोत हैं।

### मैग्नेशियम को ना भूलें

मैग्नेशियम ग्लूकोज को ऊर्जा में बदल देता है। इससे शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। हरी पत्तेदार सब्जियां, सूखे मेवे, बीज, मछलियां, सोयाबीन, केले और डार्क चॉकलेट्स में मैग्नेशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है।

### नमक का हो संतुलित सेवन

जब आप व्यायाम या दूसरी शारीरिक गतिविधियां करते हैं तो पसीना निकलता है। इसमें बहुत सारे मिनरल्स भी निकल जाते हैं। नमक का सेवन कम करने से इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन हो जाता है और सोडियम का स्तर अचानक गिर सकता है। इससे चक्कर आ सकते हैं और स्टेमिना कम हो सकती है। इसलिए 2300-2400 मिलिग्राम नमक का सेवन प्रतिदिन जरूर करना चाहिए।

### व्यायाम से मिलेगा लाभ

नियमित रूप से एक्सरसाइज करना स्टेमिना बढ़ाता है और थकान से दूर रखता है। हल्के व्यायाम जैसे जॉगिंग, साइकलिंग, स्विमिंग और टहलने से कैलारी भी बर्न होती है और स्टेमिना भी बढ़ता है। योग भी स्टेमिना को बेहतर बनाने में बहुत कारगर है। नियमित रूप से योग करने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, स्टेमिना बेहतर होती है।

### नींद लें भरपूर

सात से आठ घंटे की नींद लेने से तनाव कम होता है तथा मेटाबॉलिज्म और पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। अच्छी और पर्याप्त नींद से स्टेमिना भी बढ़ती है। रात को अच्छी नींद लेने के लिए सोने से 2 घंटा पहले डिनर लें और डिनर करने के बाद थोड़ी देर टहलें। साथ ही फोन व अन्य गैजेट से दूर रहें।

Maharashtra

# भारी बारिश से जलमग्न हुआ पूरा मुंबई, रेड अलर्ट जारी, स्कूल-कॉलेज आज रहेंगे बंद

**मुंबई, (एजेंसी)** बारिश के कारण मुंबई में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण दर्जनों ट्रेनों को स्थगित करना पड़ा है, जबकि कई अन्य को दूसरे रूट पर डायवर्ट कर दिया गया है। मौसम विभाग की माने तो मुंबई में बारिश की आफत अभी टलने वाली नहीं है।

भारी बारिश के कारण भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई सोमवार को थम सी गई। यहां इस बारिश से जल्द राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। दरअसल, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज भी महाराष्ट्र की राजधानी के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।



इसी अलर्ट के चलते मुंबई, ठाणे, पुणे, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के साथ-साथ पनवेल के ग्रामीण हिस्सों में मंगलवार को स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। यह आदेश सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ जूनियर और सीनियर कॉलेजों के लिए है।

मुंबई के लोग सोच रहे थे कि सोमवार के बाद उनको राहत मिल सकती है। मगर बारिश के चलते आज की सुबह भी मायूसी में बदल गई। यहां लगातार हो रही बारिश ने शहर और उपनगरों में तबाही मचा दी है। उपनगरीय रेल सेवाएं और हवाई यातायात थप हो गया है। यहां शॉर्ट-सर्किट से जलने के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। लोगों को जलभराव वाली सड़कों से गुजरना पड़ा।

Bihar

**बेगूसराय में भीषण सड़क हादसा**

## ऑटो और कार की टक्कर में पांच लोगों की दर्दनाक मौत



**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय में मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 से 6 अन्य लोग भी घायल हुए हैं। हादसा बीहट के एफसीआई थाना इलाके में रतन चौक के पास हुआ। सुबह करीब 5.30 बजे ऑटो और कार की जोरदार टक्कर हो गई। ऑटो में सवार पांच लोगों की मौके पर ही जान चली गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी पहुंची। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वाले दो लोग दो गढ़पुरा के रहने वाले के हैं, जबकि छौड़ाही, शामहो एवं नालंदा जिले के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। मृतकों की पहचान गढ़पुरा थाना इलाके के कुंवर टोल निवासी 25 वर्षीय नीतीश कुमार, गढपुरा के छोटी मौजी निवासी 23 वर्षीय मंदीप कुमार, शामहो थाना के बिजुलिया गांव निवासी 30 वर्षीय सिन्टू, नालंदा जिले के पुसारी गोनामा निवासी 28 वर्षीय विक्की पाठक एवं छौड़ाही थाना की एजनी पंचायत के बेन्गा गांव निवासी 25 वर्षीय गौतम कुमार के रूप में हुई है। इनमें से कोई शादी में शामिल होकर वापस आ रहा था तो कोई पटना से घर लौट रहा था। वहीं, घायलों में लखपति तांती, चंद्रदेव यादव एवं सुजीत कुमार का नाम शामिल है।

Chhattisgarh

## शराब पार्टी के दौरान हुआ विवाद, हत्या के बाद शव को पत्थर से बांधकर नाले में फेंका, 20 दिन बाद मिली लाश

**दुर्ग, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि मृतक युवक पिछले 20 दिनों से लापता था. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी स्थानीय थाने में दर्ज कराई थी. इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था और उनसे पूछताछ के बाद हत्या का खुलासा हुआ. आरोपियों की निशानदेही पर पुलगांव नाले से एसडीआरएफ व स्थानीय मछुवारों की मदद से युवक के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. इस मामले पर सोमनी थाना टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान गांव बैगाटोला निवासी दिनेश आदिल के तौर पर हुई है. दिनेश 17 जून से लापता था और उसके परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट सोमनी थाने में दर्ज कराई थी. इसके बाद से ही दिनेश की तलाश की जा रही थी. जांच के दौरान पुलिस ने शक के बिना पर दो युवकों को हिरासत में लिया था. जो आखिरी बार उसके साथ देखे गए थे.

Jharkhand

## गाड़ी तेज चलाने से मना किया तो युवक को मार दी गोली

**धनबाद, (एजेंसी) गाड़ी तेज चलाने से मना करने पर एक युवक आगबबूला हो गया। गुस्से में उसने एक दूसरे युवक के सिर में गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। यह झारखंड के धनबाद की घटना है। दरअसल, झरिया के चौथाईकुल्ही तिवारी मंदिर के पास सोमवार की रात करीब 10 बजे अमन रवानी (18) नाम के एक युवक के सिर में गोली मार दी गई। घायल अमन रवानी उर्फ गोपी को तत्काल झरिया के एक नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां से असर्फी अस्पताल रेफर कर दिया गया। असर्फी में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रात करीब सवा 11 बजे उसे दुर्गापुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया। गोली मारने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।**

जानकारी के मुताबिक, कार से टक्कर होने के चलते अमन और उसके परिवार के अन्य सदस्यों का वहीं रहने वाले सुमित कुमार मिश्रा से विवाद हुआ था। झगड़े के दौरान शराब के नशे में धुत सुमित को अमन के परिवार वालों ने थप्पड़ जड़ दिया। साथ ही उसे तेज गति से गाड़ी चलाने से मना किया।

प्रतिशोध में सुमित कुछ देर बाद लड़कों के साथ वहां पहुंचा और घर के बाहर खड़े अमन के सिर में सटाकर गोली मार दी। गोली लगने के बाद अमन वहीं गिर गया। इसके बाद आरोपी व अन्य लड़के वहां से निकल गए। लहूलुहान अमन को लेकर घरवाले पास के नर्सिंग होम पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे असर्फी नर्सिंग होम भेज दिया गया।

खेल

# श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे रोहित-विराट समेत यह दिग्गज

## BCCI देगा आराम, इन्हें मिल सकती है कप्तानी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। इस स्थिति में हार्दिक पांड्या और केएल राहुल में से किसी एक खिलाड़ी को इस दौरे पर कप्तानी सौंपी जा सकती है। माना जा रहा है कि भारतीय दिग्गजों ने बीसीसीआई से छुट्टी की मांग की है।**




दरअसल, रोहित शर्मा को ब्रेक लिए हुए करीब छह महीने हो गए हैं। हिटमैन को दिसंबर-जनवरी में खेली गई दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के बाद से हर सीरीज में खेलते देखा गया है। उसके बाद अफगानिस्तान टी20 अंतरराष्ट्रीय, इंग्लैंड टेस्ट सीरीज, आईपीएल और हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप में भी खेलते देखा गया था। श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम तीन टी20 (27-30 जुलाई) और इतने ही मैचों की वनडे (2-7 अगस्त) सीरीज खेलेगी।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'दोनों (रोहित शर्मा और विराट कोहली) वनडे टीम में स्वाभाविक पसंद हैं और चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन 50 ओवर के मैच उनके लिए अभ्यास के लिए काफी हैं। अगले कुछ महीनों में वे दोनों टेस्ट मैचों को प्राथमिकता देंगे और भारत सितंबर से जनवरी के बीच 10 टेस्ट मैच खेलेगा।'

भारत बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा, उसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलेगा और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेलेगा।

सूत्र ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी के मध्य में होगी और उन्हें श्रीलंका में एक सप्ताह तक चलने वाले तीन मैचों के वनडे मैचों के लिए जाने की जरूरत नहीं है। अगर वे चाहें तो उनका स्वागत है, लेकिन मुझे लगता है कि वे आराम करना चाहेंगे।' रोहित की गैरमौजूदगी में पांड्या भारतीय टीम की अगुवाई के लिए सबसे संभावित विकल्प हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका में वनडे टीम की अगुआई करने वाले केएल राहुल भी कप्तानी के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं।

सिनेमा

# मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप के पति का निधन



इंडियन पॉप आइकॉन और अपनी अलग आवाज के लिए पॉपुलर सिंगर ऊषा उत्थुप के पति, जानी चाको उत्थुप का सोमवार को निधन हो गया. उनके परिवार ने बताया कि उन्होंने कोलकाता में अंतिम सांस ली. जानी ने अपने घर पर टीवी देखते हुए बेचैनी की शिकायत की थी. उन्हें करीब के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. जानकारी में बताया गया कि उन्हें एक बड़ा कार्डियक अरेस्ट हुआ था, जो उनके निधन का कारण बना. जानी ऊषा उत्थुप के दूसरे पति थे और वो चाय की खेती के उद्योग से जुड़े हुए थे. ऊषा और जानी की पहली मुलाकात 70 के दशक की शुरुआत में कोलकाता के आइकॉनिक रेस्टोरेंट ट्रिंकाज में हुई थी. ऊषा के अलावा जानी अपने पीछे दो बच्चों को भी छोड़कर गए हैं. उनका एक बेटा और एक बेटी हैं. जानी चाको उत्थुप का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा. इस साल की शुरुआत में ऊषा उत्थुप को देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था. उन्हें ये सम्मान म्यूजिक इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए दिया गया था. पॉप आइकॉन क्वीन कही जाने वालीं ऊषा ने इस सम्मान को पाने पर बात करते हुए न्यूज 18 से कहा था, 'ये एक अविश्वसनीय क्षण है.




1. PG owner advertises woman as 'call girl' in Bengaluru after she gives negative review
2. Pics show Putin & PM Modi having tea, visiting horse stable at Putin's residence
3. Won't answer queries diverting issue: Rahul to reporter in Manipur
4. Men hold woman's hands & legs, beat her up in Bengal; BJP alleges TMC link
5. We've raised concerns about India's ties with Russia: US on PM Modi's visit

# Microsoft giving iPhones to employees in China who use Android phones for work

**NEW DEIHI, (Agency).** Microsoft is reportedly start providing iPhones to its employees in China who are currently using Android devices. The Satya Nadella company has mandated use of Apple iPhone devices for work from September for all employees in China, Bloomberg reported citing an internal memo of the company. This comes amid more and more focus of the company on improving security and ensuring access to necessary authentication apps, the report claimed.




For those Chinese employees who use Android phones from companies Huawei and Xiaomi, Microsoft will give an iPhone 15 as a one-time-purchase and these will be available for collection at various hubs across China including Hong Kong where Google services are accessible. Although for personal purposes, employees can still use Android devices for personal purposes.

The report claimed that the decision has been taken owing to unavailability of Google's mobile services in China which has prevented Android users from downloading critical security apps like Microsoft Authenticator and Identity Pass. The Apple App Store is the only platform where these apps can be accessed which makes iPhones essential for Microsoft's security protocols.

The mandatory use of iPhones is part of Microsoft's Secure Future Initiative (SFI), launched in November following a series of cyberattack which aims to improve security across the company by using AI to address cloud vulnerabilities, securing credentials, and enforcing multifactor authentication.

# MCX technical glitch: Commodity trading to begin one hour late at 10am

**NEW DEIHI, (Agency).** Commodity trading on Multi Commodity Exchange of India (MCX) will begin at 10am today (July 9) instead of usual 9am due to some technical issues.



"The End-of -day processes for yesterday's trade date have been delayed due to some technical issues and hence the special session will start at 09:45 am and market will start at 10:00 am today," an announcement on MCX website said.

MCX- a commodity derivatives transaction platform- starts its regular session at 9am and ends it at 11:30pm from Monday to Friday. The trading session is divided into two parts - morning and evening. The morning session goes on till 5pm after which there is the evening session.

Agri-commodities on MCX are available for futures trading only up to 5pm. However, metals, bullions, energy products can be traded up to 11:30pm.

Shares of MCX ended 0.7% lower on July 8at ₹3,955. The stock has gained 25% so far in 2024.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# नेपाल से इंदौर ला रहा था चरस 30 लाख का नशा बरामद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। खंडवा पुलिस ने नशे की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। जिस तस्कर को पकड़ा है, उसके कब्जे से 6 किलो चरस बरामद हुई है। चरस का बाजार मूल्य 30 लाख रूपए आंका गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बिहार का रहने वाला है। जो कि नेपाल से चरस लाकर खंडवा रेलवे स्टेशन उतरा और सप्लाई देने इंदौर जा रहा था। वह शहर के जिला अस्पताल के पास घूम रहा था, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया।

सीएसपी अरविंदसिंह तोमर के मुताबिक, आरोपी तस्कर के खिलाफ थाना मोघट रोड पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड पर लिया है। तस्कर की पहचान मुमताज आजम पिता अब्दुल सलाम (30) निवासी ग्राम फेनहरी जिला मोतीहारी, बिहार राज्य के रूप में हुई है। एसआई रमेश मोरे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल खंडवा के पास एक व्यक्ति नीले रंग की शर्ट व जीन्स पेंट पहने हुए है। उसके पास काले रंग का बैग का है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ चरस रखा हुआ है। वह बिक्री के लिए इंदौर की ओर जाने वाला है। इस सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और मौके पर जाकर दबिश दी। बताए गए हुलिया के अनुसार एक युवक दिखाई दिया। जिसे पुलिस जवानों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा।

# 8 साल की बच्ची को सांप ने कांटा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। तेजाजी नगर में एक बच्ची के सांप के काटने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रात में वह खाना खाने के लिये थाली लेने गई। इस दौरान लकड़ी की पाटली पर बैठा हुआ था। उसके काटने के बाद बच्ची जोर से चीखी। मां ने देखा तो नजदीक से सांप जाता दिखाई दिया। बच्ची को उसके पिता अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। तेजाजी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची ऋषिका बघेल(8)निवासी असरावर्द खुर्द है। उसके पिता बंशी लाल उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। पिता ने बातचीत में बताया कि रात में करीब 8 बजे के लगभग बेटी को सांप ने काट लिया था। वह उस समय डेयरी पर थे। तब उन्हें पास पत्नी मनीषा का कॉल आया। वह बेटी को रात में नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां से डॉक्टरो ने उसे एमवाय भेज दिया। छोटी बहन ओर भाई भी थे मौजूद बंशीलाल के मुताबिक जहां बर्तन रखे थे। वही पर सांप बैठा हुआ था। बेटी का ध्यान उस पर नही गया। बाद में पत्नी मनीषा ने सांप को वहां से तेजी में जाते हुए देखा था। घटना के समय उसकी छोटी बेटी और एक बेटा भी कमरे में मौजूद था। छह माह पहले देखा था परिवार के मुताबिक सांप करीब छह माह पहले घर के पास दिखा था। इसके बाद सीधे सोमवार को दिखा। परिवार के मुताबिक संभवत आसपास की उसने बिल बनाया हुआ है। परिवार मूल रूप से कुक्षी का रहने वाला है। कुछ साल पहले ही बंशीलाल काम को लेकर इंदौर परिवार के साथ आया था।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इंदौर पहुंचे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार 9 जुलाई को इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल होंगे। वे सुबह 10.50 बजे बिजासन फारेस्ट कैम्प में आयोजित समारोह में पहुंचेंगे। उनके साथ मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी रहेंगे। दोनों अतिथि बिजासन फारेस्ट कैम्प में पौधरोपण भी करेंगे।



मंगलवार सुबह रेसीडेंसी में मीडिया से बात करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इंदौर अध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आंदोलन की धरती है। जो हमेशा देश को प्रेरणा देता है। पीएम ने जलवायु परिवर्तन को चुनौती के रूप में देखा है। पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को पूरा विश्व अपना रहा है। इसी से हम पर्यावरण की चुनौतियों से लड़ पाएंगे। एक पेड़ मां के नाम एक सामाजिक आंदोलन है। इंदौर से शुरू हुआ यह अभियान देश के सभी गांव-शहर को प्रेरणा देगा।

**एमआईसी सदस्यों की बैठक भी लेंगे बिरला-** बिरला 1.50 बजे नगर निगम के नए अटल परिषद हॉल में पार्षदों से मुखातिब होंगे और सदन के संचालन, सवालों के प्रस्तुतिकरण संबंधी टिप्स देंगे। वे शाम 4.30 बजे रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे रात 8.10 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष तोमर भी कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## कनाडिय़ा चोरी के आरोपी नहीं आए पकड़ में

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। कनाडिय़ा बायपास पर रियल एस्टेट कारोबारी के बंगले में हुई चोरी के मामले में पुलिस सुराग ढूंढ रही है। उधर, दो टीमें बाग-टांडा और कुक्षी इलाकों में टोले, छोटे और गांवों में सर्चिंग कर रही है। टीआई केपी यादव के अनुसार हमारी टीमें बदमाशों की लोकेशन ट्रेस करने के लिए अलग-अलग जिलों की पुलिस से भी मदद ले रही हैं। पहली तलाश अब कार है, उसके मिलने के बाद आगे की लिंक मिल सकती है।

# आश्रम से मानसिक दिव्यांग बच्चा गायब

### श्री युग पुरुष धाम आश्रम से खंडवा रोड आश्रम में शिफ्ट किया था, अपहरण का केस दर्ज

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। श्री युग पुरुष धाम पंचकुईया आश्रम में क्षमता से अधिक बच्चों को इंदौर के दूसरे आश्रमों में शिफ्ट किया जा रहा है। इस दौरान 16 साल का एक मानसिक दिव्यांग बच्चा लापता हो गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज बच्चे की तलाश शुरू की है। इस मामले में श्री युग पुरुष धाम की संचालिका डॉ. अनिता शर्मा ने केस दर्ज कराया है।

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार बच्चे को रविवार को श्री युग पुरुष धाम आश्रम से खंडवा नाका स्थित अखंड परमानंद आश्रम में शिफ्ट किया गया था। आश्रम की संचालिका शुभदा ऑस्कर ने डॉ. अनिता शर्मा को फोन पर इसकी जानकारी दी। शुभदा ने बताया कि बच्चा सोमवार शाम 4 बजे तक आश्रम के हॉल में खेल रहा था। इसके बाद वह दिखाई नहीं दिया। सोमवार शाम 7 बजे तक उसे कई जगह तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने पर डॉ. अनिता शर्मा तत्काल अखंड परमानंद आश्रम पहुंची। उन्होंने मामले की जानकारी लेने के बाद पुलिस से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें बच्चे के अपहरण की आशंका है।

**हरदा से आया था बच्चा-** पुलिस के मुताबिक बच्चा सीडब्ल्यूसी हरदा से कुछ दिन पहले युग पुरुष आश्रम आया था। इसके बाद से वह युग पुरुष धाम में रह रहा था। बच्चे की तलाश को लेकर पुलिस की टीमें भी उसकी तलाश कर रही है।

## जिलाबदर गुंडा पकड़ाया

**इंदौर**। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को इलाके में घूमते हुए धरदबोचा। उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। थाना राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक पुलिस ने हुक्मा खेड़ी लाल मल्टी के रहने वाले बदमाश मनीष उर्फ चिकना को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। वह आए दिन लोगों से वाद विवाद व वसूली करता था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक